# प्रेस नोट दिनांक-17.06.2025 जनपद प्रतापगढ़

**थाना कोतवाली देहात-**

**थाना कोतवाली देहात पुलिस से हुई मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त के पैर में लगी गोली/ गिरफ्तार किया गया**

थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत भदोई बायपास के पास पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त रियाज के पैर में लगी गोली/ गिरफ्तार किया गया।
अभियुक्त रियाज के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 02 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया।
घायल अभियुक्त रियाज उपरोक्त को ईलाज हेतु जिला अस्पताल, प्रतापगढ़ ले जाया गया, जहां घायल अभियुक्त का इलाज चल रहा है।
थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत बिहारगंज बाजार में हुयी फायरिंग की घटना में 02 व्यक्तियों को गोली लगने से घायल हो गये थे। जिसमें अभियुक्त रियाज उपरोक्त घटना सम्मिलित था।
उक्त घटना में इससे पूर्व थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत हुई मुठभेड़ में 01 अभियुक्त के पैर में गोली लगी थी एवं अन्य 01 अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया था-

आज दिनांक 17.06.2025 को पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में ASP(E) श्री शैलेन्द्र लाल व CO नगर श्री शिवनारायण वैस के नेतृत्व मे थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बिहारगंज बाजार में हुयी फायरिंग की घटना के संबंध में अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग की जा रही थी । इसी दौरान थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भदोई बाय पास के पास चेकिंग की जा रही थी उसी समय मोटर साइकिल सवार 02 रोकने का प्रयास किया गया जिस पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त रियाज पुत्र शोहराब निवासी ककरहा थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ उम्र 22 वर्ष को दाहिने पैर में गोली लगी/ गिरफ्तार किया गया एवं अन्य 01 अभियुक्त मौके से फरार हो गया। पुलिस मुठभेड के दौरान घायल रियाज उपरोक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बिहारगंज बाजार में हुयी फायरिंग की घटना में 02 व्यक्तियों को गोली लगी थी। जिसमें प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 269/2025 धारा 3(5),351, 352, 109, 110 बीएनएस व धारा 7 सीएलएक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में घायल अभियुक्त रियाज सम्मिलित थे।

अभियुक्त रियाज उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 02 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इससे पहले उक्त घटना से संबंधित थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गडई चकदेईया में थाना कोतवाली नगर व स्वाट टीम के साथ मुठभेड़ में 01 अभियुक्त मस्सन पुत्र लतीफ निवासी ककरहा थाना अंतू प्रतापगढ़ उम्र लगभग 40 वर्ष के पैर में गोली लगी थी व अन्य 01 अभियुक्त इरशाद पुत्र मेहदी हसन निवासी पूरे भरत थाना अंतू प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया था।

अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सघन दबिश एवं अभियान जारी है।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही जारी रहेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. रियाज पुत्र शोहराब निवासी ककरहा थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ उम्र 22 वर्ष।

**थाना कोतवाली नगर-**

**थाना कोतवाली नगर पुलिस से हुई मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त के पैर में लगी गोली एवं मौके से अन्य 01 गिरफ्तार किया गया**

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्रान्तर्गत गडई चकदेईया के पास पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त मस्सन के पैर में लगी गोली एवं मौके से अन्य 01 अभियुक्त इरशाद को गिरफ्तार किया गया।
अभियुक्त मस्सन के कब्जे से 01 अदद पिस्टल 32 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 02 खोखा कारतूस 32 बोर व अभियुक्त इरशाद के कब्जे से 02 जिन्दा 315 बोर बरामद किया एवं अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार बरामद की गई।
घायल अभियुक्त मस्सन उपरोक्त को ईलाज हेतु जिला अस्पताल, प्रतापगढ़ ले जाया गया, जहां घायल अभियुक्त का इलाज चल रहा है।
थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बिहारगंज बाजार में हुयी फायरिंग की घटना में 02 व्यक्तियों को गोली लगने से घायल हो गये थे। जिसमें अभियुक्त मस्सन उपरोक्त घटना सम्मिलित था।

आज दिनांक 17.06.2025 को पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में ASP(E) श्री शैलेन्द्र लाल व CO नगर श्री शिवनारायण वैस के नेतृत्व मे थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बिहारगंज बाजार में हुयी फायरिंग की घटना के अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त मस्सन पुत्र लतीफ निवासी ककरहा थाना अंतू प्रतापगढ़ उम्र लगभग 40 वर्ष के दाहिने पैर में लगी गोली लगने से घायल हो गया एवं मौके से अन्य 01 अभियुक्त इरशाद पुत्र मेहदी हसन निवासी पूरे भरत थाना अंतू प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। फायरिंग के दौरान घायल मस्सन उपरोक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बिहारगंज बाजार में हुयी फायरिंग की घटना में 02 व्यक्तियों को गोली लगने से घायल हो गये थे। जिसमें घायल अभियुक्त मस्सन एवं अभियुक्त इरशाद घटना सम्मिलित थे।

अभियुक्त मस्सन के कब्जे से 01 अदद पिस्टल 32 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 02 खोखा कारतूस 32 बोर व अभियुक्त इरशाद के कब्जे से 02 जिन्दा 315 बोर बरामद किया एवं अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार बरामद की गई। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. घायल अभियुक्त मस्सन पुत्र लतीफ निवासी ककरहा थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ उम्र लगभग 40 वर्ष।

02. अभियुक्त इरशाद पुत्र मेहदी हसन निवासी पूरे भरत थाना अंतू प्रतापगढ़ उम्र 30 वर्ष।

**थाना कंधई-**

**थाना कंधई पुलिस से हुई मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त के पैर में लगी गोली/गिरफ्तार**

थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिरनपुर (आवला के बाग) के पास पुलिस मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त के पैर में लगी गोली व गिरफ्तार किया गया
अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस व 01 बुलेट मोटर साइकिल बरामद
घायल अभियुक्त आमिर उर्फ साजिद अली उपरोक्त को ईलाज हेतु सीएचसी बेलखरनाथ धाम ले जाया गया, जहां घायल अभियुक्त का इलाज चल रहा है
थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत करैला बाजार में हुयी फायरिंग की घटना में 04 व्यक्तियों को गोली लगने से घायल हो गये थे। जिसमें अभियुक्त आमिर उर्फ साजिद अली उपरोक्त घटना कारित करने में सहयोगी था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना कंधई पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग की जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 17.06.2025 को ASP(E) श्री शैलेन्द्र लाल व CO पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के नेतृत्व मे थाना कंधई पुलिस थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस को शंका होने पर पीछा करने पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में 01 शातिर अभियुक्त आमिर उर्फ साजिद अली पुत्र नासिर अली उम्र 21 वर्ष निवासी बहरापुर थाना मान्धाता प्रतापगढ़ के दाहिने पैर में लगी गोली लगने से घायल हो गया व गिरफ्तार कर लिया गया है। फायरिंग के दौरान घायल आमिर उर्फ साजिद उपरोक्त को इलाज हेतु सीएचसी बेलखरनाथ धाम ले जाया गया है।

थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत करैला बाजार में हुयी फायरिंग की घटना में 04 व्यक्तियों को गोली लगने से घायल हो गये थे। जिसमें अभियुक्त आमिर उर्फ साजिद अली उपरोक्त घटना कारित करने में सहयोगी था।

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 बुलेट मोटर साइकिल बरामद की गई। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कंधई पर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अभियुक्त आमिर उर्फ साजिद अली पुत्र नासिर अली उम्र 21 वर्ष निवासी बहरापुर थाना मान्धाता प्रतापगढ़।

**थाना बाघराय-**

**अवैध तमंचा /कारतूस के साथ 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी-

थाना बाघराय पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्त सक्षम कुमार त्रिपाठी उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा नजायज 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस बरामद

थाना बाघराय पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत हरबसपुर नहर पुलिया मोड बिहार के पास से 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय श्री प्रदीप कुमार के नेत्तृत्व में थाना बाघराय के उ0नि0 लालजी राम मय हमराह हे0का0 गौतम प्रसाद, का0 अंशू प्रजापति, का0 रविन्द्र यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, चेकिंग के दौरान, मुुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त सक्षम कुमार त्रिपाठी पुत्र कमलेश कुमार त्रिपाठी निवासी मुरली का पुरवा भाव थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को 01 अदद तमंचा नजायज 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस के साथ थाना बाघराय क्षेत्रान्तर्गत हरबसपुर नहर पुलिया मोड बिहार के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा नजायज 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया । उक्त बरामदगी/ गिरफ्तारी के आधार पर थाना बाघराय पर मु0अ0सं0 112/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सक्षम कुमार त्रिपाठी पुत्र कमलेश कुमार त्रिपाठी निवासी मुरली का पुरवा भाव थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष ।

बरामदगी-
अभियुक्त के कब्जे से01 अदद तमंचा नजायज 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-
उ0नि0 लालजी राम मय हमराह हे0का0 गौतम प्रसाद, का0 अंशू प्रजापति, कां0 रविन्द्र यादव थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ ।

**थाना हथिगवां-**

**➡उ0नि0 राहुल कुमार व बीट आरक्षी चन्द्र पाल सिंह की सतर्कता से 02 गैंगस्टर अभियुक्त को किया गिरफ्तार**

**➡थाना हथिगवां के उ0नि0 राहुल कुमार व बीट आरक्षी चन्द्र पाल सिंह ने गैंगस्टर अभियुक्त पर कसा शिकंजा**

**➡उ0नि0 राहुल कुमार व बीट आरक्षी चन्द्र पाल सिंह ने साये की तरह बिछाए रखी अपनी पैनी नजर**

**➡एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना हथिगवां के बीट उ0नि0 राहुल कुमार व बीट आरक्षी चन्द्र पाल सिंह को दिया जाएगा ईनाम व प्रशस्ति-पत्र**

**➡थाना हथिगवां पुलिस द्वारा थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत कैमा तिराहे के पास से गैंगस्टर एक्ट के 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।**

**➡गिरफ्तार गैंगस्टर अभियुक्त हत्या, मारपीट, धमकी जैसे संगीन अपराधों में अभ्यस्त**

जनपद में अपराध नियंत्रण/ संगीन धाराओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है-

इसी क्रम में बहादुर उ0नि0 राहुल कुमार व बीट आरक्षी चन्द्र पाल सिंह के सहयोग से थाना हथिगवां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-107/2025 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना हथिगवां, प्रतापगढ़ में वांछित 02 अभियुक्तों, 01. राजा उर्फ मो0 हसन पुत्र स्व0 शकील अहमद निवासी ग्राम सैफाबाद रसूलपुर निन्दूरा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ उम्र 28 वर्ष, 02. अफजल हुसैन उर्फ राजू पुत्र कल्लन निवासी ग्राम रसूलपुर निन्दूरा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ उम्र  37 वर्ष को आज दिनांक 17.06.2025 को थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत कैमा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

गैंगस्टर एक्ट के गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01- अभियुक्त राजा उर्फ मो0 हसन पुत्र स्व0 शकील अहमद उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम सैफाबाद रसूलपुर निन्दूरा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ का आपराधिक इतिहास-
01. मु0अ0सं0 74/21 धारा 302/201 भादवि थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।
02. मु0अ0सं0 205/15 धारा 323/325/504/506 भादवि थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।
03. मु0अ0सं0 62/25 धारा 351(3)/352 बीएनएस थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।

02- अभियुक्त अफजल हुसैन उर्फ राजू पुत्र कल्लन निवासी ग्राम रसूलपुर निन्दूरा थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ उम्र लगभग 27 वर्ष का आपराधिक इतिहास-
01. मु0अ0सं0 74/21 धारा 302/201 भादवि थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।
02. मु0अ0सं0 62/25 धारा 351(3)/352 बीएनएस थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।

**थाना रानीगंज-**
थाना रानीगंज पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्म कर गर्भपात कराने व एससी/एसटी एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

थाना रानीगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त को थानाक्षेत्र के बभनमई तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-
दिनांक 10.06.2025 को थाना रानीगंज क्षेत्रातंर्गत निवासिनी को आरोपीगण द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म कर गर्भपात कराने के संबंध में थाना रानीगंज में अभियोग अन्तर्गत धारा 69, 89, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट बनाम 03 नामजद अभियुक्त का पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के

पर्यवेक्षण व थाना रानीगंज प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अमित कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 अमरनाथ यादव व का0 मनोज कुमार द्वारा दिनांक 17.06.2025 को देखभाल क्षेत्र/संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 69, 89, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त, सौरभ मौर्य पुत्र कमला शंकर निवासी ग्राम दलापुर (डिहवा) थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष को थानाक्षेत्र रानीगंज के बभनमई तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सौरभ मौर्य पुत्र कमला शंकर निवासी ग्राम दलापुर(डिहवा) थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष ।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 अमित कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 अमरनाथ यादव व का0 मनोज कुमार थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ ।

**थाना नवाबगंज-**
थाना नबावगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज के उ0नि0 आदित्य पाण्डेय मय हमराह उ0नि0 गुलाब सिहं व का0 नीरज यादव के द्वारा जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान मु0नं0 691/24 धारा 147 बीएनएसएस थाना नवाबगंज प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वारंटी राजकुमार पटेल पुत्र डाक्टर बाबूलाल पटेल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पूरे लाल सिंह का पुरवा हिनाहूं थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. राजकुमार पटेल पुत्र डाक्टर बाबूलाल पटेल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पूरे लाल सिंह का पुरवा हिनाहूं थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ ।

पुलिस टीम-
उ0नि0 आदित्य पाण्डेय मय हमराह उ0नि0 गुलाब सिहं व का0 नीरज यादव थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ ।